# 1. वर्ण ज्ञान

## अभ्यास

**(क) संयुक्त व्यंजनों से बनने वाले तीन-तीन शब्द लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | क्ष | कक्षा | रक्षा | रक्षक |
| 2. | त्र | त्रिशूल | छात्र | मात्रा |
| 3. | ज्ञ | ज्ञान | ज्ञानी | विज्ञान |
| 4. | श्र | श्रम | श्रमिक | परिश्रम |

**(ख) दिए गए संयुक्ताक्षरों से दो-दो शब्द बनाइए।**


1. क्क
   - क् + क = चक्का
   - क् + क = मक्का
2. स्त
   - स् + त = बस्ता
   - स् + त = रास्ता
3. स्स
   - स् + स = रस्सी
   - स् + स = लस्सी
4. ल्ल
   - ल् + ल = बिल्ली
   - ल् + ल = मोहल्ला
5. च्छ
   - च् + छ = मच्छर
   - च् + छ = अच्छा


**(ग) नीचे दिए गए शब्दों के रंगीन वर्णों के नीचे ऋ की मात्रा ( ृ ) लगाइए।**

| | |
|---|---|
| 1. मृग | 2. कृपा |
| 3. कृषक | 4. गृह |
| 5. कृपण | 6. कृषि |
| 7. पृथ्वी | 8. नृत्य |
| 9. वृक्ष | 10. नृप |
| 11. कृष्ण | 12. दृश्य |


**(घ) चित्रों को देखिए और अनुस्वार ( ं ) या चंद्रबिंदु ( ँ ) लगाकर उनके नाम पूरे कीजिए।**


चाँद


कंगन


बंदर


कंघा


कुआँ



माँ


साँप


दाँत



पंखा

**(ङ) दिए गए चित्रों में 'र' के सही रूप लगाकर शब्द पूरे कीजिए।**


चक्र


प्रणाम


सर्प


पर्वत

**(च) दिए गए रंगीन वर्णों पर विसर्ग ( : ) लगाइए और शब्दों को पढ़िए।**

अत:        नम:        पुन:

प्रात:        स्वत:        अंतत:

**(छ) वर्णों का क्रम ठीक करके शब्द बनाइए।**

1. प्रणाम
2. पर्वत
3. प्रकाश
4. आदर्श

## 2. मात्रा ज्ञान

### अभ्यास

**(क) से (च) तक का अभ्यास बच्चे स्वयं करेंगे। ये अभ्यास बच्चों के मात्रा युक्त शब्दों के उच्चारण तथा लेखन में सहायक होंगे।**

**(छ) दिए गए चित्रों को देखकर वाक्य पूरे कीजिए।**



1. हलवाई मिठाई **बनाता है।**



2. अध्यापिका **पढ़ा रही हैं।**



3. लड़की रस्सी **कूद रही है।**



4. हाथी **खेल रहा है।**

**(ज) नीचे दिए गए वाक्यों के शब्द इधर-उधर बिखर गए हैं। उन्हें सही स्थान पर लिखकर वाक्य बनाइए।**

2. हवा तेज़ चल रही है।



3. नदी का पानी ठंडा है।



4. बंदर पेड़ पर बैठा है।



5. माँ मुझे प्यार करती हैं।



6. पतंग आसमान में उड़ रही है।

## 3. संज्ञा

### अभ्यास

**(क) इन नामों को लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. फूलों के नाम | – | कमल | गुलाब | सूरजमुखी |
| 2. फलों के नाम | – | सेब | केला | अमरूद |
| 3. सब्ज़ियों के नाम | – | पालक | गोभी | टमाटर |
| 4. वस्तुओं के नाम | – | पुस्तक | मोबाइल | अलमारी |
| 5. पक्षियों/पशुओं के नाम | – | मोर | कोयल | हाथी |
| 6. भावों के नाम | – | प्यार | खुशी | क्रोध |

**(ख) नीचे दिए गए चित्रों को पहचानकर इनके नाम लिखिए।**


चिड़ियाघर


इंडियागेट


मदर टेरेसा


कुम्हार


धोबी


किसान

**(ग) नीचे दिए गए शब्दों को सही स्थान पर लिखिए।**

रवि, सुंदरता, जूते, जापान, भारत, बुढ़ापा, राहुल, पंजाब, चम्मच, राधा, प्यार, गिलास, चावल, दिल्ली, पढ़ाई, दिव्या

| **व्यक्ति** | **स्थान** | **वस्तु** | **भाव** |
|---|---|---|---|
| रवि | जापान | जूते | सुंदरता |
| राधा | पंजाब | चम्मच | बुढ़ापा |
| राहुल | भारत | गिलास | प्यार |
| दिव्या | दिल्ली | चावल | पढ़ाई |

**(घ) समझिए और नाम लिखिए।**


1. चिड़िया 2. ऐनक 3. ताजमहल 4. हिमालय

# 4. लिंग

## अभ्यास

**(क) दिए गए चित्रों को पहचानकर उनका लिंग लिखिए।**


स्त्रीलिंग


पुल्लिंग


पुल्लिंग


स्त्रीलिंग


पुल्लिंग


स्त्रीलिंग



पुल्लिंग


स्त्रीलिंग

**(ख) रेखा खींचकर स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्दों के जोड़े बनाइए और उन्हें सही जगह पर लिखिए।**

| | | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| 1. नौकर | गुड़िया | नौकर | नौकरानी |
| 2. गायक | बंदरिया | गायक | गायिका |
| 3. शेर | मोरनी | शेर | शेरनी |
| 4. बंदर | नौकरानी | बंदर | बंदरिया |
| 5. गुड्डा | शेरनी | गुड्डा | गुड़िया |
| 6. मोर | गायिका | मोर | मोरनी |

**(ग) रेल के डिब्बों पर लिखे नामों को दिए गए उदाहरण के अनुसार समझकर लिखिए।**




| | | | |
|---|---|---|---|
| माता | पिता | धोबिन | धोबी |
| बेटी | बेटा | हथिनी | हाथी |
| सेठानी | सेठ | | |

# 5. वचन


## अभ्यास

**(क) चित्रों को देखकर उचित शब्द पर गोला लगाइए और नीचे एक या अनेक भी लिखिए।**



घड़ी / (घड़ियाँ)

अनेक



बच्चा / (बच्चे)

अनेक



औरत / (औरतें)

अनेक



(पंखा) / पंखे

एक



केला / (केले)

अनेक



तितली / (तितलियाँ)

अनेक


**(ख) रेखा खींचकर जोड़े मिलाइए तथा शब्दों को सही स्थान पर लिखिए।**

| | | **एक** | **अनेक** |
|---|---|---|---|
| 1. बच्चा | चूहे | बच्चा | बच्चे |
| 2. कपड़ा | बूढ़े | कपड़ा | कपड़े |
| 3. बूढ़ा | कपड़े | बूढ़ा | बूढ़े |
| 4. चूहा | बच्चे | चूहा | चूहे |

**(ग) सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए।**

1. मेज़ पर चार **पुस्तकें** रखी हैं।
2. भगवान को **फूलों** की माला पहनाओ।
3. नाई रवि के **बाल** काट रहा है।
4. दरवाज़े पर **ताला** लगा है।

(घ) एक तथा अनेक दिखने वाले समान चित्रों को रेखा खींचकर मिलाइए तथा दिए गए स्थान पर लिखिए।



| एक | अनेक |
|---|---|
| गुब्बारा | गुब्बारे |
| गिलहरी | गिलहरियाँ |
| घड़ी | घड़ियाँ |

# 6. सर्वनाम

## अभ्यास


**(क) नीचे दिए वाक्यों को उचित सर्वनाम शब्दों से पूरा कीजिए।**

1. **मैं** संजय हूँ। (वह / मैं)
2. **तुम** यहाँ आओ। (हम / तुम)
3. आज **मुझे** दिल्ली जाना है। (मुझे / आपका)
4. **तुम्हारा** नाम क्या है? (तुम्हारा / तुम्हें)
5. आज **मेरा** मैच है। (मेरा / मुझे)
6. **आप** दरवाज़े पर क्यों खड़े हैं? (तुम / आप)

**(ख) सर्वनाम शब्दों पर गोला लगाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | तुम | बंदर | राजा |
| 2. | बाज़ार | रवि | आप |
| 3. | पेड़ | मैं | नदी |
| 4. | मंदिर | घर | हमारा |
| 5. | वे | प्रणाम | फूल |

**(ग) देखिए, समझिए और मिलान कीजिए।**




**(घ) सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए।**

एक थी बिल्ली। चूहे उससे परेशान थे। वह चुपके से आ जाती, लेकिन चूहों को उसके आने का पता ही नहीं चलता। उन्हें एक उपाय सूझा। वे एक बड़ी-सी घंटी ले आए। उन्होंने सभा बुलाई तथा निर्णय लिया कि इसे बिल्ली के गले में बाँध देंगे। घंटी बजते ही हम बिल में घुस जाएँगे। तब बिल्ली हमें पकड़ नहीं पाएगी।


# 7. विशेषण

## अभ्यास


**(क) दिए गए चित्रों के साथ लिखे शब्दों को ध्यान से पढ़िए और जो शब्द गलत लगे, उसपर गोला लगाइए।**




हरा
घना
छोटा



रसीला
कसैला
मीठा



पीला
मीठा
कड़वा




पतला
लाल
गोल

**(ख) विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए और उन्हें दिए गए स्थान पर दोबारा लिखिए।**

1. माँ सुंदर फ़्रॉक लेकर आईं। — सुंदर
2. काली बिल्ली दूध पी गई। — काली
3. रमेश मोटा है। — मोटा
4. राधा पतली है। — पतली
5. सूरज गोल है। — गोल
6. हमारा स्कूल बड़ा है। — बड़ा

**(ग) दिए गए चित्रों को उनकी विशेषता के शब्दों के साथ जोड़िए।**



## 8. क्रिया

### अभ्यास

**( क ) बताइए कि तुम्हारी माता जी तुम्हारे लिए क्या-क्या काम करती हैं?**

1. भोजन बनाती हैं।
2. कपड़े धोती हैं।
3. बस्ता तैयार करती हैं।
4. गृहकार्य करवाती हैं।
5. कहानी सुनाती हैं।
6. उपहार देती हैं।

**( ख ) नीचे दिए गए चित्रों में सभी कोई-न-कोई काम कर रहे हैं। सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।**




सविता **दौड़** रही है।



बच्चा **रो** रहा है।



चिड़िया **उड़** रही है।



बिल्लियाँ **लड़** रही हैं।



लड़का **पढ़** रहा है।



बच्चे **खेल** रहे हैं।

**( ग ) क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | (आना) | राम | बाज़ार |
| 2. | ताजमहल | (गाना) | लड़का |
| 3. | नीना | जूता | (लिखना) |
| 4. | (सुनना) | मोहन | पंखा |


# 9. विलोम शब्द

## अभ्यास

**(क) चित्रों को देखकर वाक्यों में रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**



राहुल **मोटा** लड़का है।
दिनेश **पतला** लड़का है।



कुत्ता **काला** है।
खरगोश **सफ़ेद** है।



रवि का कुरता **पुराना** है।
हरि का कुरता **नया** है।



सविता **खड़ी** है।
राधा **बैठी** है।

**(ख) रेखा खींचकर उलटे अर्थ वाले शब्द जोड़िए।**

| | |
|---|---|
| 1. अच्छा | मित्र |
| 2. जीत | बुरा |
| 3. पुराना | भारी |
| 4. शत्रु | नया |
| 5. हलका | हार |

**(ग) उलटे अर्थ वाले शब्दों के जोड़े बनाकर लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुख | सच्चा | गरमी | अंदर | दिन | दुख |
| पश्चिम | झूठा | पूरब | बाहर | सरदी | रात |

1. सुख × दुख
2. सच्चा × झूठा
3. गरमी × सरदी
4. अंदर × बाहर
5. दिन × रात
6. पूरब × पश्चिम

**(घ) दिए गए शब्दों के सही विलोम शब्दों पर गोला लगाइए।**

1. अपना → बुरा / (पराया)
2. खुशबू → सुगंध / (बदबू)
3. आकाश → (पाताल) / मृत्यु
4. सूखा → कठोर / (गीला)
5. उधार → पैसा / (नकद)
6. आशा → (निराशा) / भला

**(ङ) नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. सूखा | × | गीला | 2. अपना | × | पराया |
| 3. हँसना | × | रोना | 4. दुख | × | सुख |
| 5. नगद | × | उधार | 6. हार | × | जीत |

# 10. समानार्थी शब्द

## अभ्यास

**(क) दिए गए शब्दों में से उचित समानार्थक शब्द छाँटकर लिखिए।**

सुर   गज   आकाश   जल   रवि   चिड़िया

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आसमान | आकाश | 2. पानी | जल |
| 3. | हाथी | गज | 4. सूर्य | रवि |
| 5. | देवता | सुर | 6. पक्षी | चिड़िया |


**(ख) दिए गए शब्दों के सही समानार्थी शब्द को पहचानकर उसपर गोला लगाइए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बारिश | – | बादल | नीर | पानी | वर्षा |
| 2. | माँ | – | औरत | नारी | माता | नानी |
| 3. | घर | – | सुमन | आलय | भूमि | उपवन |
| 4. | उपवन | – | बगीचा | चाँद | फूल | चिड़िया |

**(ग) नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए।**


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शेर | - | सिंह | वनराज |
| 2. | देवता | - | सुर | देव |
| 3. | पानी | - | जल | नीर |
| 4. | सुबह | - | प्रातः | सवेरा |
| 5. | गज | - | हाथी | हस्ती |

**(घ) दिए गए चित्रों को उनके नामों से मिलाइए।**



**( ङ ) संकेत के आधार पर छूटे अक्षर भरिए।**

1. पानी का समानार्थी शब्द
2. सूरज का समानार्थी शब्द
3. चिड़िया का समानार्थी शब्द
4. संसार का समानार्थी शब्द



# 11. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

## अभ्यास

**(क) अनेक शब्दों को पढ़कर उनके लिए उचित एक शब्द पर गोला लगाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. जिसे देखकर डर लगे | डरावना | लुभावना |
| 2. जो मांस खाता है | मांसाहारी | शाकाहारी |
| 3. जहाँ इलाज के लिए जाते हैं | विद्यालय | अस्पताल |
| 4. जो बीमार का इलाज करता है | अध्यापक | डॉक्टर |
| 5. जो शाक-सब्ज़ी खाता है | शाकाहारी | मांसाहारी |
| 6. जो कपड़े सिलता है | माली | दर्ज़ी |

**(ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।**

1. जो किसी से नहीं डरता - निडर
2. जहाँ बच्चे पढ़ने जाते हैं - विद्यालय
3. जो बहुत परिश्रम करे - परिश्रमी
4. जिसे देखकर डर लगे - डरावना

**(ग) नीचे दिए गए शब्द-जाल में से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द ढूँढ़कर उनपर गोला लगाइए।**

1. जो गाना गाता है
2. जो सेना में काम करता है
3. जो लोहे के औज़ार बनाता है
4. जो चित्र बनाता है
5. जो मिठाइयाँ बनाता है
6. जहाँ इलाज के लिए जाते हैं

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प | रि | गा | श्र | मी | नि | ह |
| ड | र | य | अ | स्प | ता | ल |
| सै | नि | क | मा | लो | ब | वा |
| कि | ई | ली | शा | हा | ढ़ | ई |
| री | चि | त्र | का | र | का | हा |

# 12. दिनों और महीनों के नाम

## अभ्यास

**( क ), ( ख ), ( ग ), ( घ ) बच्चे स्वयं करेंगे।**


**( ङ ) समझिए और वाक्य पूरे कीजिए।**

1. मंगलवार के बाद **बुधवार** आता है।
2. रविवार के पहले **शनिवार** आता है।
3. मई और **जून** के महीने में गरमी पड़ती है।
4. जुलाई और **अगस्त** के महीने में वर्षा होती है।
5. दिसंबर और **जनवरी** के महीने में सरदी पड़ती है।


## 13. पशु-पक्षियों की बोलियाँ

### अभ्यास

**(क) दिए गए पशु-पक्षियों को पहचानकर उनकी बोलियों के साथ जोड़िए।**




**(ख) दिए गए पशु-पक्षियों की बोली पहचानिए और सही (✓) का निशान  लगाइए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
|  | टें-टें | ☐ | गुटरगूँ | ✓ | काँव-काँव | ☐ |
|  | भौं-भौं | ☐ | म्याऊँ- म्याऊँ | ✓ | दहाड़ना | ☐ |
|  | हिनहिनाना | ☐ | रँभाना | ☐ | मिमियाना | ✓ |
|  | रेंकना | ✓ | भौंकना | ☐ | चिंघाड़ना | ☐ |

**(ग) बोलियों को पहचानकर पशु/पक्षी का नाम लिखिए।**

1. म्याऊँ-म्याऊँ - बिल्ली
2. चीं-चीं - चिड़िया
3. काँव-काँव - कौआ
4. कुकड़ू-कूँ - मुरगा

# 14. चित्र वर्णन

चित्र वर्णन विधा द्‌वारा बच्चों की अवलोकन क्षमता का विकास होता है। किसी चित्र को देखकर उसमें क्या-क्या हो रहा है, यह शब्दों में लिखना या वर्णन करना ही चित्र वर्णन कहलाता है।

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका पाठ पृष्ठ पर दिए चित्र को दिखाकर बच्चों से पूछें कि चित्र में क्या-क्या है तथा कौन क्या कर रहा है। तदुपरांत चित्र का वर्णन पढ़ें-पढ़वाएँ।
- ❖ चित्र वर्णन कैसे लिखना चाहिए, यह भी समझाएँ।
- ❖ अभ्यास के लिए दिए गए चित्र या दृश्य को ध्यान से देखने को कहें। फिर पूछें, चित्र में क्या-क्या है आदि। प्रत्येक बच्चे को बोलने का अवसर दें। मौखिक वर्णन करवाने के बाद लिखित रूप में चित्र वर्णन करने को कहें।

## 15. कहानी लेखन

कहानी एक ऐसी विधा है जो बच्चे, बड़े-बूढ़े सभी के मन को भाती है। कहानी कहना-सुनना एक रोचक गतिविधि के साथ-साथ बच्चों की मानसिक और काल्पनिक क्षमता का विकास करने में भी सहायक सिद्ध होती है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका कहानी के संबंध में बात करते हुए बच्चों से पूछें, क्या उन्हें घर में कोई कहानी सुनाता है, उन्हें कौन-कौन सी कहानी याद है या अच्छी लगती है अथवा डरावनी लगती है आदि बातचीत द्वारा पाठ की ओर बच्चों का ध्यान लाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दी चित्राधारित कहानी पर पहले बातचीत करें, फिर कहानी पढ़वाएँ। उन्हें कहानी कैसी लगी यह भी जानें।
- ❖ कहानी का और क्या अंत हो सकता था। यह बच्चों से जानने का प्रयास करें। बच्चे अपनी कल्पना या सोच से कहानी बुनने का प्रयास करेंगे। बच्चों के विचारों को सुनें और उन्हें प्रोत्साहित भी करते रहें।
- ❖ कहानी की शिक्षा के बारे में भी चर्चा करें।
- ❖ कहानी कहना (Story telling) गतिविधि के द्वारा बच्चों को हाव-भाव के साथ कोई कहानी सुनाने को कहा जा सकता है।
- ❖ अभ्यास के लिए दी गई कहानियों के चित्रों पर बातचीत करते हुए कहानी जानने का प्रयास करें, फिर उसे लिखने को कहें।
- ❖ सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चा पाठ में रुचि ले रहा है।

## 16. अनुच्छेद लेखन

छोटे-छोटे वाक्यों द्वारा किसी विषय पर अपने विचार लिखना अनुच्छेद लेखन कहलाता है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका किसी वस्तु या व्यक्ति जैसे गुलाब या दादा जी आदि किसी विषय पर बच्चों से कुछ वाक्य बुलवाएँ।
- ❖ बच्चों को छोटे-छोटे कुछ वाक्य बोलने के लिए प्रोत्साहित करें।
- ❖ समझाएँ, इसी प्रकार किसी भी वस्तु, व्यक्ति या विषय पर अपनी मन की बात या विचार लिखना ही अनुच्छेद होता है।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए अनुच्छेद बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ प्रत्येक बच्चे को पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ अभ्यास के लिए दिए संकेत बिंदु द्वारा अनुच्छेद की पंक्तियाँ लिखने में बच्चों की यथासंभव सहायता करें।